गुरुग्राम जिला प्रशासन इस वर्ष 60 तालाबों का करेगा कायाकल्प-डा. गर्ग

आज तक गुड़गांव

गुरूग्राम। गुरूग्राम के उपायुक्त डा. यश गर्ग ने आज कहा कि गुरूग्राम जिला प्रशासन इस वर्ष में 60 तालाबों का कायाकल्प करेगा। इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

डा. गर्ग आज अपने कार्यालय में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ गुरूग्राम जिला में बेकार पड़े तालाबों तथा जलाशयों के पुनर्द्धार को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में गुरूग्राम जिला में जलाशयों का कायाकल्प करने के लिए गठित 'गुरूजल सोसायटी' के सदस्य भी उपस्थित थे। इस मौके पर हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा भी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त डा. गर्ग ने बताया कि गुरूग्राम जिला प्रशासन पहले ही जलाशयों का कायाकल्प करने के कार्य में लगा हुआ है। प्रशासन ने जिला में 320 जलाशयों की पहचान की है, जिनका कायाकल्प चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। इस वर्ष के दौरान इनमें से 60 तालाबों अथवा जलाशयों का कायाकल्प किया जाएगा। इस कार्य में प्राधिकरण की भी मदद ली जाएगी और सभी तथ्य प्राधिकरण के साथ सांझे किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक जिला प्रशासन ने कंपनियों के सीएसआर तथा ग्राम पंचायतों के सहयोग से जिला के 6 तालाबों का कायाकल्प किया है जिनमें गांव हरचंदपुर, इकबालपुर, मौजाबाद, खेंटावास, भौंड़ाकलां तथा नवादा के तालाब अथवा जोहड़ शामिल हैं। इनके अलावा, 11 तालाबों अथवा जलाशयों का कायाकल्प करने का कार्य प्रगति पर है जिनमें गांव कासन, वजीरपुर, धर्मपुर, बुढ़ेड़ा, दौलताबाद, हरियाहेड़ा, दौला, पालासोली, बिलासपुर, ताजनगर तथा भौंडसी के तालाब शामिल हैं।

डा. गर्ग ने बताया कि तालाब की जगह तथा उसमें भरे पानी की गुणवत्ता के अनुसार

अलग-अलग तकनीक से कायाकल्प करने का कार्य किया जा रहा है। कायाकल्प करने के कार्य में पहले तालाब का पूरा पानी निकालकर उसे साफ किया जाता है, उसके बाद जरूरत अनुसार ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाता है, पूरी जगह की लैंडस्केपिंग करके वहां पर पौधारोपण आदि का कार्य करवाकर पूरी जगह का सौंदर्यकरण किया जाता है ताकि उस क्षेत्र के लोग सुबह शाम वहां पर टहल भी सकें। प्राधिकरण के साथ विचार विमर्श के दौरान उपायुक्त डा. गर्ग ने गुरूग्राम जिला में एक्वेटिक प्लांट्स अर्थात पानी में उगने वाले पौधों की नर्सरी तैयार करवाने का भरोसा दिलाया, जिससे गुरूग्राम व आसपास के जिलों की मांग को पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान में प्राधिकरण ने वन विभाग से ऐसी पौध तैयार करने का आग्रह किया है। डा. गर्ग ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन गुरूग्राम के अलावा, नगर निगम गुरूग्राम ने भी अपने क्षेत्र में 25 तालाबों की पहचान की है जिनका कायाकल्प नगर निगम करवाएगा। इनमें से चार तालाबों का नगर निगम कायाकल्प करवा भी चुका है जिनमें गांव सुखराली, कादीपुर, सरहौल तथा बसई के तालाब शामिल हैं और नगर निगम क्षेत्र में चार अन्य तालाबों की कायाकल्प करने का कार्य प्रगति पर है।

तालाबों के कायाकल्प के गुरूग्राम जिला प्रशासन के कार्यों की हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण ने सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और नगर निगम इस कार्य को जारी रखे परंतु परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट प्राधिकरण के साथ सांझा करते रहें ताकि इस कार्य में लगी सभी ऐजेंसियां तालमेल के साथ समन्वित प्रयासों से काम कर सकें। प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के आदेशों के अनुसार प्राधिकरण तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य में तीन पहलुओं पर फोकस कर रहा है जिनमें तालाब में पानी की गुणवत्ता ऐसी हो जो मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त हो, तालाब का प्रयोग मवेशियों के लिए भी हो सके तथा उसके पानी का प्रयोग सूक्ष्म सिंचाई के लिए किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने पूरे प्रदेश में ऐसे 1969 तालाबों की पहचान की है जिनमें गंदा पानी भरा है और वह ओवर फलो हो रहा है। इनमें से 1890 तालाबों को तीन साल में ठीक करने का लक्ष्य रखा गया है। इस साल में प्रदेश में 682 तालाबों की कायाकल्प करने का लक्ष्य है जिनमें 9 तालाबों का काम पूरा भी हो चुका है।

गुरूग्राम के उपायुक्त ने उद्यमियों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को आदेश दिये

आज तक गुड़गांव

गुरुग्राम। उपायुक्त डा0 यश गर्ग ने आज गुरूग्राम के उद्यमियों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को उनके निवारण के आदेश दिए। वे आज गुरूग्राम के सैक्टर-14 स्थित जीआईए हाउस में उद्योगों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित जिला स्तरीय क्लीरेंस कमेटी तथा जिला स्तरीय ग्रीवेंस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डा. गर्ग ने इस मौके पर कहा कि अगली बार से आवेदक उद्यमियों को भी इस बैठक में बुलाया जाएगा ताकि वे अपना पक्ष सही ढंग से रख सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन आवेदकों के सभी दस्तावेज पूरे हैं, उनको निर्धारित समय अवधि में एनओसी अथवा कंसेंट जारी की जाए। डा. गर्ग ने कहा कि ऐसे मामलों का अगली बैठक तक निपटारा कर दिया जाए अन्यथा वे डीम्ड क्लीयरेंस जारी करवा देंगे और इसके लिए स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी। आज की बैठक में एनओसी और कंसेंट प्राप्त करने के लिए रखे गए 22 मामलों में से 11 को कंसेंट तथा एनओसी जारी कर दी गई है। यह जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी की 43वीं बैठक थी।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्यमियों को बेहत्तर औद्योगिक माहौल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें भी इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

इस बैठक में उपायुक्त ने बताया कि उद्यमियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने हरियाणा इन्टरप्रैन्योर प्रोमोशन काउंसिल(एचईपीसी)पोर्टल शुरू किया हुआ है जिस पर उद्योग लगाने या पहले से लगे उद्योगों का विस्तार करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से ली जाने वाली कन्सेंट अथवा एनओसी प्राप्त करने के लिए सिंगल विंडो पर अप्लाई किया जा सकता है। इस पोर्टल पर आने वाले आवेदन संबंधित विभाग को भेजे जाते हैं और कंसेंट तथा एनओसी की प्रर्करिया पूरी करने के बाद संबंधित उद्यमी को एक निर्धारित समय अवधि में दस्तावेज दे दिए जाते हैं। बैठक में उपस्थित जिला उद्योग केन्द्र के संयुक्त निदेशक राजेश कुमार खेड़ा ने बताया कि अब राज्य सरकार ने पोर्टल पर मिलने वाले आवेदनो के लिए अधिकतम 45 दिन की सीमा तय कर दी है। इसका तात्पर्य यह है कि 45 दिन में यदि कोई विभाग आवेदन पर कार्यवाही नही करता है तो उद्यमी को डीम्ड क्लीरेंस मिल जाएगी और उसे कंसेंट या एनओसी के लिए इंतजार करने की आवश्यकता नही है और संबंधित विभाग के अधिकारी की देरी के लिए जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इन 45 दिनों की अवधि में उद्यमी से दस्तावेज पूरे करवाने आदि का भी समय शामिल हैं। डीम्ड क्लीयरेंस मिलने के बाद संबंधित उद्यमी पोर्टल से उसकी कॉपी निकालकर अपनी आगे की कार्यवाही कर सकता है।

बैठक में यह भी बताया गया कि 1 नवंबर 2020 से लेकर 30 अप्रैल 2021 की अवधि के दौरान जितनी भी सर्विसेज उद्यमियों को दी गई हैं, उसके बारे में उनसे 1 मई से 30 जून 2021 तक डीआईपीपी द्वारा फोन पर फीडबैक लिया जाएगा। श्री खेड़ा ने सभी उद्यमियों से आग्रह किया कि वे इस दौरान अपना मोबाइल फोन पर आने वाली कॉल को जरूर उठाएं और अपने अनुभव सांझे करें। हरियाणा की पूरे देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में उनकी फीडबैक अथवा रिस्पांस के भी अंक होते हैं।

इस अवसर पर उद्योग विहार इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से अनिमेश सक्सेना व आर एस सिंह, एनसीआर चैंबर आफ इंडस्ट्रीज से एच पी यादव व अशोक कोहली, जीआईए के अध्यक्ष जे एम मंगला, सैक्टर-37 की इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से के के गांधी, आईएमटी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से पवन यादव, मानेसर इंडस्ट्रीयल वैलफेयर एसोसिएशन से मनमोहन गैंड, हरियाणा इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से के के कपूर, उद्योग विहार इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन प्रवीन यादव, जिला उद्योग केंद्र से आईएस यादव सहित बिजली निगम, श्रम विभाग, माइनिंग, एचएसआईआईडीसी के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समाज को पारदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता - दीपक पांडिया

नई दिल्ली। आज हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं जहां समाज का अंतिम व्यक्ति भी महसूस करें कि देश के प्रत्येक विकास में उसकी भी अहम भूमिका और हिस्सेदारी है। लोकतंत्र की गूँज और राष्ट्र उत्थान में उसके पसीने की गंध का भी मोल हो, तभी सही मायने में लोकशाही का राम-राज्य स्थापित हो सकेगा। एक ऐसा समाज जो पारदर्शी नेतृत्व, आधुनिक तकनीक और नेक नीयत के साथ बुजुर्गों का सम्मान, स्त्रियों की सुरक्षा और नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी देता हो, यह कहना था राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के कन्वीनर एडमिन दीपक पांडिया का, उन्होंने कहा की जहां सरकार दाता के अहंकार में और जनता याचक के रूप में न हों, अपितु सरकार अपना दायित्व निर्वहन करते हुए प्रत्येक नागरिक के घर-द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के लॉन्च के अवसर पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्रिगेडियर बी. के. खन्ना को चीफ कन्वीनर, दीपक पांडिया को कन्वीनर एडमिन, एन. के. शर्मा को कन्वीनर फाइनेंस, डॉ. एल. सी. शर्मा को मेंटोर और रेणु नेगी को कन्वीनर मीडिया रिलेशन नियुक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में जे. पी. सिंह, अलोक कुमार, आईएएस रिटायर्ड गौतम मारवाह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और ब्रिगेडियर विनोद दत्ता शामिल हुए। बिग्रेडियर खन्ना एक अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व है उन्होंने सेना में रहकर देश के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की हैं तथा 1987 में भारत की सेना ने जब श्रीलंका में शांति के लिए भेजी गई थी तो ब्रिगेडियर खन्ना ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी, इन्होंने समाज सेवा में सर्वोच्च सेवाओं को प्रदान करने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए हमारा पूरा जीवन देश के प्रति समर्पित रहा है और हर चुनौती को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे है, आज इस लोकनीति के तहत हम लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे भी अवश्य पूरा करेंगे।

एन. के. शर्मा ने कहा की आज की स्थितियाँ इतनी बदल चुकी हैं कि व्यक्ति,परिवार, समाज समेत शिक्षा, स्वास्थ्य,प्रशासन, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्र पूरी तरह नवीन और भिन्न हो चुके हैं। ऐसे में हमारी सदियों पुराने प्रशासनिक ढाँचे पर आधारित राजनीति पूरी तरह बेमानी साबित हो चुकी है। हमारी पार्टी का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा और अन्य सभी प्रभागों में नए सुधारों के साथ घर द्वार की सेवाओं को लाना ताकि लोग अपनी सेवाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ कार्य कर सके, प्रत्येक पंचायत में उसी क्षेत्र के 15 लोगों को रोजगार जो हर सेवा को घर पर ही उपलब्ध करवाएंगे, सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक समान व्यवस्था, फीस ढांचा एवं अन्य सुविधाओं को भी एक समान करना है। यह एक बड़ी सच्चाई है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक गणराज्य है, जिसका हमें गर्व भी है। परन्तु एक देश को लोकतान्त्रिक तभी समझा जाना चाहिए जब वहाँ लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना हो, अन्यथा यह बात दिवास्वप्न ही होगी।

पार्टी के मेंटोर डॉ. एल. सी. शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य है नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाना, व्यवस्था में नई सहयोगात्मक एवं विकासात्मक सोच एवं शासन प्रणाली की रणनीति का प्रादुर्भाव, समुचित एवं अधिकतम तकनीक आधारित शासन व्यवस्था, जिम्मेवारी एवं आमजन में प्रसन्नता एवं मुस्कान के लिए सेवाएं, शासन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करना आदि कुछ प्रमुख है। जे. पी. सिंह ने कहा की व्यवस्था बदल रही है तो हम क्यों न बदले, नेताओं के साथ नागरिकों की भी रेटिंग तय हो, जब दूसरे देश यह कर सकते है तो हम क्यों नहीं। पार्टी का एजेंडा बिल्कुल सही है यह नई दिशा तय करने वाली है। रेणु नेगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहेगी जिसमें हम महिलाओं की समस्याओं को और अच्छे तरीके से दूर कर सकेंगे।

देश की आवाम और मज़बूत स्तंभ मीडिया के साथ इस राष्ट्रीय लोकनीति और लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करने के उद्देष्य से सहयोग और समर्थन की अपील करता है। एक पारदर्षी जिम्मेवार सरकार की परिकल्पना एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाति,धर्म और संप्रदायों से ऊपर उठकर समान राष्ट्र के पुननिर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ देश की राजधानी दिल्ली से किया गया है।

भाजपा द्वारा पेश दिशाहीन बजट से प्रदेश की जनता की आश टूटी : पूर्व चेयरमैन रवि खत्री

गौरव शर्मा

बहादुरगढ। (आज तक गुड़गांव)। प्रदेश की भाजपा जजपा गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। प्रदेश की जनता को बजट से आश थी लेकिन दिशाहीन बजट से प्रदेश की जनता की आश टूटी है। यह बात पूर्व चेयरमैन रवि खत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार किसान, व्यापारी, दुकानदार, युवाओं, छोटे दुकानदार, उद्योगों व आम आदमी के हितों के लिए कुछ राहत प्रदान करने का बजट लेकर लाएगी है परंतु मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। कांग्रेस नेता रवि खत्री ने कहा कि बजट निराशाजनक व दिशाहीन है इसे किसी भी वर्ग को कोई लाभ नहीं होगा। कोरोना महामारी से उपजे आर्थिक संकट से राहत पाने की आस देख रही प्रदेश की जनता की आस टूटी है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार की नीति और नियत को प्रदेश की जनता भली-भांति जान चुकी है। कांग्रेस नेता रवि खत्री ने कहा कि खट्टर सरकार ने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाजपा जजपा व निर्दलीय विधायकों पर दबाव बनाकर विधानसभा में भले ही बहुमत साबित कर दिया है मगर हरियाणा की जनविरोधी खट्टर सरकार को प्रदेश की जनता की अपनी नजरों में अस्वीकार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि इसलिए नैतिकता के आधार पर इस किसान व आमजन विरोधी खट्टर सरकार को इस्तीफा देना चाहिए।इस अवसर पर बबलू, राहुल जून, हिमांशु जून, विजय शर्मा, जगदीश छिकारा, सुल्तान खत्री, अरुण, परमा, अमित छिल्लर, राजेश पहलवान, नीरज राठी, मनोज खत्री, रमेशचंद्र आदि मौजूद रहे।

सीआईए वन बहादुरगढ़ की टीम ने किए नशा तस्कर गिरोह के चार आरोपी काबू

गौरव शर्मा

बहादुरगढ। (आज तक गुड़गांव)। पुलिस अधीक्षक झज्जर राजेश दुग्गल आईपीएस द्वारा विशेष रुप से गठित अपराध जांच शाखा प्रथम बहादुरगढ़ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशे की खेप को बरामद करने में सफलता हासिल की गई है। टीम द्वारा नशे की खेप के साथ तस्करी के चार आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है। नशा तस्करी की अवैध धंधे में लिप्त पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मौका पर तस्करी करके लाई गई लाखों रुपए की गांजा पत्ती बरामद की गई। सीआईए की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सतर्कता से कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशीले पदार्थ गांजा पत्ती से भरी गाड़ी के साथ आरोपियों को थाना आसौदा के एरिया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा मनोज यादव के आदेशों की पालना करते हुए तथा रोहतक रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संदीप खिरवार के दिशा निर्देशानुसार विशेष रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत के सीआईए वन बहादुरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार की टीम ने केएमपी एक्सप्रेसवे से एक इनोवा गाड़ी में तस्करी करके लाई गई गांजा पत्ती के साथ चार आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। सोमवार को थाना आसौदा (बहादुरगढ़) में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी बादली

श्री अशोक कुमार ने बताया कि एसपी राजेश दुग्गल द्वारा विशेष रुप से आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीआईए प्रथम बहादुरगढ़ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करके नशा तस्करी के एक गिरोह को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ गांजा पत्ती के साथ काबू करने में सफलता प्राप्त की गई है। नियमानुसार उनके समक्ष गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी से 54 पैकेट में नशीला पदार्थ गांजा पत्ती बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए गाड़ी से बरामद नशीले पदार्थ गांजा पत्ती के साथ चारों आरोपियों को काबू किया गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 54 पैकेटों में बरामद गांजा पत्ती का वजन किया गया तो 123-520 किलोग्राम पाया गया।

डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने तथा तस्करी नाजायज धंधे में लिप्त दोषियों की धरपकड़ के संबंध में एसपी राजेश दुग्गल द्वारा किए गए दिशा निर्देशों की पालना करते हुए सीआईए वन बहादुरगढ़ को सफलता मिली है। नशे की खेप के साथ पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चारों को अदालत में पेश किया जाएगा। माननीय अदालत से दो आरोपियों कृष्ण व सुनील को पूछताछ के लिए 08 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पकड़े गए दो अन्य आरोपियों मोहित व जसमेर को माननीय अदालत के आदेश अनुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।